(ग) सभी $x \in \mathbb{R}$ हेतु $f(x) = e^{x+1} - x$ द्वारा परिभाषित फलन पर विचार कीजिए।

(i) $f'(x)$ का चिह्न निर्धारित कीजिए।

(ii) दर्शाइए कि सभी $x \in \mathbb{R}$ हेतु $f(x) > 0$ है।

(iii) $f(x)$ का आरेख बनाइए व दर्शाइए कि $f(x) - 2$ का ठीक एक हल है।

(घ) ऐसे स्थिरांकों A, B, C एवं D के मान ज्ञात कीजिए कि फलन

$$f(x) = 3x^4 + Ax^3 + Bx^2 + Cx + D$$

के वक्र का (2, –3) एवं (0, 7) पर क्षैतिज स्पर्श रेखाएं (horizontal tangents) हों।

5. Answer any **three** of the following : (3×5=15)

(a) If $f(x) = x^{2/3}(6 - x)^{1/3}$, find the intervals in which the function is increasing and/or decreasing.

(b) A single input, x, is used to produce output y and the production function is $y = x^{1/3}$, $x > 0$. The cost function $C(y) = 10g(y)$, where $x = g(y)$ is the inverse of the production function. Show that the production function is strictly concave and the cost function is strictly convex.

(c) For what values of c does the polynomial $P(x) = x^4 + cx^3 + x^2$ have :

(i) Two inflection points ?

(ii) No inflection point ?

In case (i), does the curve change from concave to convex or convex to concave ?

(d) Given the function $f(x) = (x^2 + x)^{2/3}$, do global extreme points exist in $[-2, 3]$. If yes, find them.

निम्नलिखित में से किन्हीं तीन के उत्तर दीजिए :

(क) यदि $f(x) = x^{2/3}(6 - x)^{1/3}$, तो वे अन्तराल ज्ञात कीजिए जिनमें यह फलन वर्द्धमान तथा/या ह्रासमान है।

(ख) एक आगत (input) x का उपयोग उत्पाद y को बनाने हेतु किया जाता है तथा उत्पादन फलन $y = x^{1/3}$ है $x > 0$. लागत फलन $C(y) = 10g(y)$ है, जहाँ $x = g(y)$ उत्पादन फलन का प्रतिलोम फलन है। दर्शाइए कि उत्पादन फलन सख्ततः अवतल है (strictly concave) तथा लागत फलन सख्ततः उत्तल (strictly convex) है।

(ग) c के किस मान हेतु बहुपद $P(x) = x^4 + cx^3 + x^2$ के

(i) दो मोड़ बिन्दु होंगे ?

(ii) कोई मोड़ बिन्दु नहीं होगा ?

स्थिति (i) में बताइए कि वक्र अवतल से उत्तल होता है या उत्तल से अवतल ?

(घ) फलन $f(x) = (x^2 + x)^{2/3}$ के वैश्विक चरम बिन्दु क्या $[-2, 3]$ में विद्यमान है ? यदि हाँ तो उन्हें ज्ञात कीजिए।

6. Answer **all** the questions : (2×3=6)

(a) Find the common area between $x \le 3-y^2$ and $x \ge -1$.

OR

A function F is defined for all T > 0 as follows :

$$F(T) = \frac{K}{T}\int_0^T e^{-\alpha x}\,dx$$

Evaluate the integral and prove that F(T) takes values in the interval (0, K).

(b) A bank account gives an annual interest rate of 5% compounded monthly. If you invest Rs. 1000 initially and add Rs. 10 every month, write a difference equation which describes how the amount changes from month to month. The amount after n months is denoted by q_n. Solve the difference equation and comment on the time path. Is it convergent/divergent and oscillatory/non-oscillatory ?

OR

The population of an island is currently 50,000. It is declining at 1% per annum. However, there is net immigration of 5,000 persons each year. Write the difference equation for the population after t years and solve it. Find the steady state equilibrium and depict how the solution converges to/diverges away from the equilibrium state.

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) वक्रों $x \le 3-y^2$ व $x \ge -1$ के मध्य (common) क्षेत्र ज्ञात कीजिए ।

अथवा

एक फलन F को सभी $T > 0$ हेतु निम्न प्रकार परिभाषित किया जाता है :

$$F(T) = \frac{K}{T}\int_{0}^{T} e^{-\alpha x}\, dx$$

इस समाकलन का मान ज्ञात कीजिए व सिद्ध कीजिए कि $F(T)$ के मान अन्तराल $(0, K)$ में हैं।.

(ख) एक बैंक खाता 5% वार्षिक की ब्याज दर देता है जिसे मासिक चक्रवृद्धि आधार पर जोड़ा जाता है। यदि आप प्रारम्भ में 1000 रु. का निवेश करें व तत्पश्चात् 10 रु. प्रति माह जोड़ें, तो इस राशि में महीन-दर-महीने परिवर्तन को दर्शाने वाला अन्तर समीकरण लिखिए। n महीने के बाद राशि को q_n से दर्शाया जाता है। इस अन्तर समीकरण को हल कीजिए व समय पथ पर टिप्पणी कीजिए। यह समय-पथ अभिसारी या अपसारी तथा दोलनशील है या अदोलनशील ?

अथवा

एक द्वीप की जनसंख्या अभी 50,000 है। यह प्रतिवर्ष 1% की दर से कम हो रही है। परन्तु प्रतिवर्ष 5,000 व्यक्तियों का निवल immigration हो रहा है। t वर्षों के बाद जनसंख्या हेतु अन्तर समीकरण लिखिए तथा इसे हल कीजिए। स्थायी अवस्था साम्यावस्था ज्ञात कीजिए व दर्शाइए कि किस प्रकार यह हल साम्यावस्था की ओर अभिसरित होता है/साम्यावस्था से दूर अपसारित होता है।

This question paper contains **16+3** printed pages]

Roll No. | | | | | | | | | | | |

S. No. of Question Paper : **6004**

Unique Paper Code : **227301** **G**

Name of the Paper : **Intermediate Microeconomics—I**

Name of the Course : **B.A. (Hons.) Economics**

Semester : **III**

Duration : **3 Hours** Maximum Marks : **75**

(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

Note : Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

टिप्पणी : इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेज़ी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए ।

Attempt any *three* questions in Part A.

Attempt any *two* questions in Part B.

Simple calculator may be used.

भाग A से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिये ।

भाग B से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिये ।

साधारण कैल्कुलेटर का प्रयोग कर सकते हैं ।

P.T.O.

Part A

(भाग A)

1. (*i*) Amit's father believes that Amit should optimally study for 9 hours every day by devoting 5 hours to Physics and 4 hours of Mathematics for cracking IIT-JEE. If Amit chooses some other combination of work hours for the two subjects i.e. (P, M), his father gets annoyed and measures his deviation from the optimal work-hour bundle by

$$D = |5 - P| + |4 - M|.$$

The larger the D is, the worse off he thinks Amit is as he shall not be able to achieve his goal. Sketch a few indifference curves of Amit's father for his son's work-hour choice. Explain your diagram.

अमित के पिता का यह मानना है, कि अमित को कुशलतापूर्वक प्रति दिन 9 घंटे पढ़ना चाहिए, जिसमें वह 5 घंटे भौतिक विज्ञान व 4 घंटे गणित की पढ़ाई करनी चाहिए । ताकि वह IIT-JEE की परीक्षा पास कर सके । यदि अमित दोनों विषयों (P, M) के लिए कार्य करने के किसी अन्य संयोग का चुनाव करता है, तो उसके पिता नाराज हो जाते हैं, व उसके इष्टतम कार्य घंटे बंडल से विचलन को $D = |5 - P| + |4 - M|$ द्वारा मापते हैं । D का मूल्य जितना बढ़ेगा वह

समझते हैं कि अमित के लिए उतना ही बुरा होगा क्योंकि वह अपने लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर पाएगा । अमित के पिता के लिए उसके पुत्र के कार्य घंटे चुनाव के लिए कुछ अनधिमान वक्रों को बनाइए । अपने चित्र को समझाइए ।

(*ii*) Mr. Malik resides in a state where the sex ratio is quite low. The State Government is making efforts to improve the condition of girls in the state and is offering four different schemes : A, B, C and D. Two eligibility criteria are specified by the government for households to qualify and take advantage of the scheme :

(*a*) Girls—only households and

(*b*) Girls above 18 years.

Scheme A : Each qualifying household gets a grant of Rs. 10,000 that it can spend as it wants.

Scheme B : The government gives a grant of Rs. 10,000 only as long as the qualifying household spends at least Rs. 10,000 more than its current spending on the education of their daughters.

Scheme C : The government offers a matching grant of 50 paise against every rupee spent on the education of daughters by the qualifying household.

Scheme D : Same as Scheme C with the condition that the total amount of matching grants will not exceed Rs. 10,000.

Mr. Malik has twin daughters who have recently turned 18 years and thus he qualifies for the scheme. He currently earns Rs. 60,000, out of which he spends Rs. 20,000 on the education of his daughters (D) and rest on all other goods (G). Show graphically and numerically how Mr. Malik's budget set will change with each of the above four schemes ?

महोदय मलिक उस राज्य में रहते हैं, जहाँ लिंग अनुपात बहुत कम है । राज्य सरकार प्रयास करती है ताकि राज्य में लड़कियों की स्थिति में सुधार हो सके तथा चार विभिन्न स्कीमों का प्रस्ताव रखती है : A, B, C व D । ग्रहस्थों के लिए स्कीमों के लाभ प्राप्त करने के लिए सरकार ने दो योग्यता के मानदण्ड रखे हैं :

(*a*) केवल लड़कियों वाला ग्रहस्थ तथा

(*b*) 18 वर्ष से ऊपर की लड़कियाँ ।

स्कीम A : प्रत्येक योग्य ग्रहस्थ को 10,000 रुपये की ग्रांट मिलेगी जिसे वह अपने अनुसार व्यय कर सकता है ।

स्कीम B : सरकार ग्रहस्थ को 10,000 रुपये की ग्रांट जब तक देती रहेगी जब तक ग्रहस्थ अपनी बेटियों की शिक्षा पर वर्तमान व्यय से कम से कम 10,000 रुपये अधिक व्यय करते रहेगी ।

स्कीम C : योग्य ग्रहस्थ को अपनी बेटियों की शिक्षा पर खर्च किए गए प्रत्येक एक रुपये पर 50 पैसे की ग्रांट देने का प्रस्ताव रखती है ।

स्कीम D : स्कीम C के समान केवल एक शर्त के साथ की कुल ग्रांट 10,000 रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए ।

महोदय मलिक की दो जुड़वाँ बेटियाँ हैं, जो हाल ही में 18 वर्ष की हुई हैं तथा इसलिए वह स्कीम के योग्य हैं । उसकी वर्तमान आय 60,000 रुपये है जिसमें से वह 20,000 रुपये अपनी बेटियों (D) की शिक्षा पर खर्च करता है तथा शेष अन्य वस्तुओं (G) पर संख्यानुसार । चित्र द्वारा दर्शाइए कि उपर्युक्त चारों स्कीमों में से प्रत्येक स्कीम के साथ महोदय मलिक के बजट सेट में कैसे बदलाव होगा ?

(*iii*) Consider the utility function

$$u(x_1,\ x_2) = (x_1 - 2),\ (x_2 - 3),$$

with accompanying budget constraint

$$p_1 x_1 + p_2 x_2 = m.$$

(*a*) Draw a indifference curve for this utility function.

(*b*) Find the demand function for good x_1. Are goods x_1 and x_2 gross substitutes or complements ? 2+8+5

उपयोगिता फलन

$$u(x_1, x_2) = (x_1 - 2)(x_2 - 3),$$

के साथ बजट रेखा

$$p_1 x_1 + p_2 x_2 = m$$

पर विचार कीजिए ।

(*a*) इस उपयोगिता फलन के लिए अनधिमान वक्र बताइए ।

(*b*) वस्तु x_1 के लिए मांग फलन ज्ञात कीजिए । क्या वस्तु x_1 व x_2 सकल प्रतिस्थापन्न हैं या पूरक ?

2. (*i*) John enjoys commodities x and y according to the following utility function :

$$U(x, y) = x^2 + y^2, \; x \geq 0 \text{ and } y \geq 0.$$

(*a*) Maximize John's utility if $p_x = 3$, $p_y = 4$ and income $m = 50$ and find the demanded bundle.

(*b*) Graph John's indifference curve and its point of tangency with the budget constraint.

(*c*) Write your observation about John's behavior and the optimal bundle.

(*d*) Give an example of a monotonic transformation of John's utility function.

निम्नलिखित उपयोगिता फलन के अनुसार जॉन x व y वस्तुओं का उपभोग करता है :

$$U(x, y) = x^2 + y^2, x \geq 0 \text{ व } y \geq 0.$$

(*a*) जॉन की उपयोगिता को अधिकतम कीजिए यदि $p_x = 3$, $p_y = 4$ व आय $m = 50$ है तथा मांग बंडल ज्ञात कीजिए ।

(*b*) जॉन के अनधिमान वक्र तथा इसके बजट रेखा के साथ स्पर्शज्यात्व बिन्दु को चित्र द्वारा दर्शाइए ।

(*c*) जॉन के व्यवहार व इष्टतम बंडल के संदर्भ में अपने विचार लिखिए ।

(*d*) जॉन के उपयोगिता फलन की मॉनोटोनिक ट्रांसफॉर्मेशन के एक उदाहरण को दीजिए।

(ii) Consider the following utility function :

$$U(x, y) = x + ln\ y$$

Let $p_x = p_y = 2$ and income = 120. Suppose p_y increases to 3.

Find the substitution effect, income effect and price effect for good y, using Slutsky's decomposition. Show the effects graphically. 9+6

निम्नलिखित उपयोगिता वक्र पर विचार कीजिए :

$$U(x, y) = x + ln\ y$$

मान लीजिए $p_x = p_y = 2$ व आय 120 है । मान लीजिए कि p_y बढ़कर 3 हो गया है ।

स्लट्स्की विच्छेदन का उपयोग करके, वस्तु-y के लिए प्रतिस्थापन्न प्रभाव, आय प्रभाव व कीमत प्रभाव को ज्ञात कीजिए । प्रभाव को चित्र द्वारा दर्शाइए ।

3. (i) Maria consumes three goods x_1, x_2, x_3 at respective prices p_1, p_2, p_3 in each of the following three months. Her monthwise consumption amounts are given as below :

Month	x_1	x_2	x_3	p_1	p_2	p_3
1	3	2	4	2	3	6
2	4	2	3	4	1	7
3	3	7	2	3	2	1

State and check if the above price-consumption data is consistent with :

(*a*) The Weak Axiom of Revealed Preference

(*b*) The Strong Axiom of Revealed Preference.

मारिया निम्नलिखित तीन महीनों में प्रत्येक माह में तीन वस्तुएँ x_1, x_2, x_3 को क्रमशः कीमतें p_1, p_2, p_3 उपभोग करती है । उसकी प्रति माह उपभोग मात्रा निम्नलिखित दी गई है :

माह	x_1	x_2	x_3	p_1	p_2	p_3
1	3	2	4	2	3	6
2	4	2	3	4	1	7
3	3	7	2	3	2	1

जाँच कीजिए व बताइए कि उपर्युक्त कीमत उपभोग आँकड़े निम्नलिखित के साथ तर्क संगत हैं :

(*a*) रिविल्ड अधिमान के कमजोर सिद्धान्त ।

(*b*) रिविल्ड अधिमान के सख्त सिद्धान्त ।

(*ii*) Consider a worker who splits her 24 hours per day into working time and leisure time. The worker has a utility function over the consumption good and leisure time

$$U = C^{1/2}S^{1/2},$$

where C represents consumption goods and S represents leisure time. Work gives the worker disutility. When she works she gets w per hour worked. The worker has no non-labor income. The income she gets is spent on the consumer good C. The price of the consumer good is 1 per unit :

(*a*) Write the equation of the worker's budget line.

(*b*) Formulate the worker's utility maximization problem and find the leisure demand function.

(*c*) Derive the worker's labor supply function.

(*d*) Depict the solution in (*b*) graphically.

एक कर्मचारी पर विचार कीजिए जो अपने प्रति दिन 24 घटों को कार्य सम

व फुरसत समय में बाँटता है । उपभोग वस्तु व फुरसत समय पर उपभोक्ता

उपयोगिता फलन

$$U = C^{1/2}S^{1/2}$$

है । जहाँ C उपभोक्ता वस्तु को दर्शाता है तथा S फुरसत समय को दर्शाता है । काम कर्मचारी को अनुपयोगिता देती है । जब वह काम करता है तो उसे प्रति घंटा w प्राप्त होता है । कर्मचारी की कोई गैर-श्रम आय नहीं है । वह जो भी आय कमाता है वह C वस्तु के उपभोग पर व्यय करता है । उपभोग वस्तु की कीमत 1 प्रति इकाई है :

(*a*) कर्मचारी की बजट रेखा का समीकरण लिखिए ।

(*b*) कर्मचारी का उपयोगिता अधिकतम समस्या को बनाइए तथा फुरसत मांग फलन ज्ञात कीजिए ।

(*c*) कर्मचारी का श्रम पूर्ति फलन ज्ञात कीजिए ।

(*d*) (*b*) के हल को चित्र द्वारा दर्शाइए ।

4. (*i*) Explain how voluntary real time pricing is a win-win situation for the consumer as well as the power distribution company.

समझाइए क्यों स्वैच्छिक वास्तविक समय मूल्य निर्धारण एक लाभकारी परिस्थिति उपभोक्ताओं व ऊर्जा वितरण कम्पनी दोनों के लिए है ।

(*ii*) A consumer has wealth, W, initially and faces the chance to gain g with probability π or to lose l with probability $(1 - \pi)$. The utility function is $U(y) = \sqrt{y}$ where y is the wealth in the different states that can arise. Suppose $W = 100$, $l = 100$, $g = 0$ and $\pi = \frac{1}{2}$.

(*a*) Write down the consumer's expected income.

(*b*) Write down the consumer's expected utility.

(*c*) What is the implication of the above utility function for the individual's attitude to risk ?

(*d*) Calculate and show in a diagram the risk premium.

प्रारम्भ में एक उपभोक्ता के पास सम्पत्ति W है व सम्भावना π के साथ g प्राप्त के अवसर हैं सम्भावना $(1 - \pi)$ के साथ l गंवाने का अवसर है । उपयोगिता फलन $U(y) = \sqrt{y}$ है जहाँ y विभिन्न स्थितियों में सम्पत्ति को दर्शाती है मान लीजिए $W = 100$, $l = 100$, $g = 0$ व $\pi = \frac{1}{2}$ है ।

(*a*) उपभोक्ता की अपेक्षित आय लिखिए ।

(*b*) उपभोक्ता की अपेक्षित उपयोगिता लिखिए ।

(*c*) उपर्युक्त उपयोगिता फलन का एक व्यक्ति के जोखिम के प्रति व्यवहार के लिए क्या निहितार्थ है ।

(*d*) जोखिम प्रीमियम की गणना कीजिए व एक चित्र द्वारा दर्शाइए ।

(*iii*) Anu's wealth consists of a bicycle that is worth 1000. She faces a probability $\pi = 0.2$ of her bicycle being stolen (in which case her wealth will be zero). Her utility function is given by $u(x) = x^2$, where x denotes her wealth. State Anu's expected utility function and calculate her expected utility. For an insurance that pays her K in case her bicycle is stolen, Anu has to pay an actuarially fair premium of 0.2 K where K is the amount of insurance coverage or benefit received. Using a suitable diagram, explain how much insurance Anu will buy. 4+6+5

अनु की सम्पत्ति एक साईकिल से बनी है जिसका मूल्य 1000 है । उसकी साईकिल चोरी होने की सम्भावना $\pi = 0.2$ (जिस स्थिति में उसकी सम्पत्ति शून्य होगी) है । उसका उपयोगिता फलन $u(x) = x^2$ द्वारा दर्शाया गया है, जहाँ x उसकी सम्पत्ति को दर्शाता है । अनु के अपेक्षित उपयोगिता फलन को बताइए तथा अपेक्षित उपयोगिता की गणना कीजिए । एक बीमा के लिए जो उसे K का भुगतान करेगा यदि उसकी साईकिल चोरी होती है, अनु को एक्चुरियली एक उचित प्रीमियम 0.2 K का भुगतान करना होगा । जहाँ K बीमा कवरेज की राशि या प्राप्त लाभ है । उचित चित्र द्वारा व्याख्या कीजिए कि अनु कितना बीमा खरीदेगी ?

Part B

(भाग B)

5. (*i*) Consider the following production function :

$$q = A(t)\ f(k,\ l)$$

where capital k and labour l are two inputs in production and changes in A overtime represent technical progress. The annual proportionate rate of growth of labour and capital is 1 and 1.5 percent. The output grows at a rate of 2.5 percent per annum. If the output elasticity of labour and capital are 0.6 and 0.4 respectively, find the rate of technical progress.

निम्नलिखित उत्पादन फलन

$$q = A(t)\ f(k,\ l)$$

पर विचार कीजिए, जहाँ l श्रम व k पूँजी उत्पादन में दो आगत हैं तथा अतिरिक्त समय में बदलाव तकनीकि विकास को दर्शाती है । श्रम व पूँजी की वार्षिक वृद्धि दर क्रमशः 1 व 1.5 प्रतिशत है । उत्पादन 2.5 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से बढ़ता है । यदि श्रम व पूँजी की उत्पादन लोच क्रमशः 0.6 व 0.4 है, तो तकनीकि विकास की दर ज्ञात कीजिए ।

(*ii*) Suppose a firm's production function is given by

$$q = k + l + 2\sqrt{kl}.$$

(*a*) Find the returns to scale.

(*b*) Calculate the degree of homogeneity of the marginal products of l and k.

(*c*) Derive the elasticity of substitution σ. 3+12

मान लीजिए कि फर्म का उत्पादन फलन

$$q = k + l + 2\sqrt{kl}$$

दिया गया है ।

(*a*) पैमाने के प्रतिफल ज्ञात कीजिए ।

(*b*) l व k की सीमांत उत्पादकताओं की समरूपता की डिग्री ज्ञात कीजिए ।

(*c*) प्रतिस्थापन्न की लोच σ व्युत्पन्न कीजिए ।

6. (*i*) Is a firm's expansion path necessarily positively sloped ? Discuss.

क्या एक फर्म का विस्तार-पथ आवश्यक ही धनात्मक ढलान का होता है ? चर्चा कीजिए ।

(*ii*) Resilient Group of Industries (RGI) buys two factories to produce widgets. Each factory produces identical products and each has a production function given by :

$$q = \sqrt{k_i l_i}, \; i = 1, 2.$$

The factories, however, differ in the amount of capital equipment they possess. Factory 1 has $k_1 = 25$, whereas Factory 2 has $k_2 = 100$. Rental rates for k and l are given by $v = w = 1$.

(*a*) How much of output should RGI allocate between its two factories to minimize short-run total costs of widget production.

(*b*) Find the short-run marginal cost of 125th widget.

(*c*) How would output allocation change in the long-run ? Find the long-run total cost, average cost and marginal cost functions.

(*d*) How would your answer in part (*c*) change if both factories exhibited diminishing returns to scale ? 4+11

रिसाईलेंट ग्रुप ऑफ इन्डस्ट्रीज (RGI) दो फैक्ट्रियों का क्रय विजेट्स (widgets) के उत्पादन के लिए करती है । प्रत्येक फैक्ट्री समान उत्पाद बनाती है तथा प्रत्येक

का उत्पादन फलन दिया गया है :

$$q = \sqrt{k_i l_i}, \ i = 1, 2.$$

परन्तु फैक्ट्रियों में पूँजीगत औजारों की मात्रा भिन्न है । फैक्ट्री 1 के पास $k_1 = 25$ है व फैक्ट्री 2 के पास $k_2 = 100$ है । किराए की दर k तथा l के लिए $v = w = 1$ द्वारा दी गई है :

(*a*) विजेट्स उत्पादन की अल्पकालीन कुल लागत को न्यूनतम करने के लिए RGI को दोनों फैक्ट्रियों में उत्पादन का आवंटन कैसे करना चाहिए ?

(*b*) 125वें विजेट्स की अल्पकालीन सीमांत लागत ज्ञात कीजिए ।

(*c*) दीर्घ काल में उत्पादन आवंटन कैसे बदलेगा ? दीर्घकालीन कुल लागत, औसत लागत व सीमान्त लागत फलन ज्ञात कीजिए ।

(*d*) आपका उत्तर भाग (*c*) के लिए कैसे बदलेगा यदि दोनों फैक्ट्रियों के पैमाने घटते प्रतिफल को दर्शाते हैं ।

7. (*i*) Consider the following short-run production function $q = k^{0.25} l^{0.75}$ where k is fixed at 81 units :

(*a*) Find the profit function.

(*b*) Derive the labour demand function in the short-run.

(*c*) Using Hotelling's lemma and envelope theorem, find the short-run supply function of the firm.

(*d*) Calculate the producer surplus for

$$v = 3,\ w = 9,\ p = 8,\ k = 144,$$

taking the shut-down price as zero.

(*e*) How does the amount of short-run producer get affected by changes in v ?

निम्नलिखित अल्पकालीन उत्पादन फलन पर विचार कीजिए, जहाँ $k = 81$ इकाइयों पर स्थिर है :

$$q = k^{0.25}\ l^{0.75}$$

(*a*) लाभ फलन ज्ञात कीजिए ।

(*b*) अल्पकाल में श्रम मांग फलन ज्ञात कीजिए ।

(*c*) हॉटलिंग लेम्मा व एनवलप सिद्धांत का उपयोग करके फर्म के अल्पकालिक पूर्ति फलन ज्ञात कीजिए ।

(*d*) उत्पादन बन्द करने का बिन्दु का मूल्य शून्य मानते हुए तथा

$$v = 3,\ w = 9,\ p = 8,\ k = 144$$

के लिए अल्पकालीन उत्पादक आधिक्य की गणना कीजिए ।

(*e*) v में बदलाव से कैसे अल्पकालीन उत्पादक राशि प्रभावित होती है ?

(*ii*) Show that the profit function is convex in input prices. 11+4

दर्शाइए कि लाभ फलन आगत कीमतों के लिए उत्तल है ।

This question paper contains **4+2** printed pages]

Roll No. | | | | | | | | | | | |

S. No. of Question Paper : **6005**

Unique Paper Code : **227302** **G**

Name of the Paper : **Intermediate Macroeconomics 1**

Name of the Course : **B.A. (Hons) Economics**

Semester : **III**

Duration : **3 Hours** Maximum Marks : **75**

(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

Note : Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

टिप्पणी : इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेज़ी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए ।

Attempt any *two* parts from each question.

Each part carries 7½ marks.

All the notations have their standard interpretation.

प्रत्येक प्रश्न से कोई **दो** भाग कीजिए।

प्रत्येक भाग 7½ अंक का है।

सभी उत्तरों का अपना मानक स्पष्टीकरण है।

1. (*a*) (*i*) In a goods market equilibrium in closed economy, $S + TA - TR = I + G$, use this equation to show that a fiscal expansion will lead to an incomplete crowding out effect. 2.5

(*ii*) Show using AD-AS and IS-LM curves why money is neutral in the classical Supply case. 5

P.T.O.

(*b*) Using wage setting and price setting relations, determine the equilibrium real wage rate. Explain how these curves are affected by each of the following : 4.5+3

(*i*) An increase in price of oil

(*ii*) An increase in mark up.

(*c*) How does a fiscal contraction (reduction in budget deficit) affect price, output and interest rate, both in short run and medium run in AD-AS model ? 7.5

(अ) (*i*) बंद अर्थव्यवस्था में वस्तु बाजार में S + TA − TR = I + G, इस समीकरण के उपयोग से दर्शाइए कि एक राजकोषीय विस्तार से अपूर्ण क्रॉउडिंग आउट प्रभाव होगा।

(*ii*) AD-AS व IS-LM वक्रों का उपयोग करके दर्शाइए, परम्परागत पूर्ति की स्थिति में मुद्रा तटस्थ क्यों है ?

(ब) मज़दूरी सेटिंग व कीमत सेटिंग सम्बन्धों का उपभोग करके, वास्तविक मज़दूरी दर संतुलन निर्धारित कीजिए। समझाइए कि कैसे प्रत्येक निम्नलिखित से ये वक्र प्रभावित होते हैं,

(*i*) तेल की कीमत में वृद्धि।

(*ii*) मार्कअप में वृद्धि।

(स) AD-AS मॉडल में अल्पकाल व मध्यम काल दोनों में, कैसे राजकोषी संकुचन (बजट घाटे में कमी) कीमत, उत्पादन व ब्याज दर को प्रभावित करता है ?

2\. (*a*) What do you mean by natural rate of unemployment ? Derive Modified Phillip's Curve. 2+5.5

(*b*) "Wage Indexation increases the effect of unemployment on inflation." Explain this statement. 7.5

(*c*) Explain Lucas 'Credibility' theory. In this context discuss Fisher's theory of nominal wage rigidity. 7.5

(अ) स्वाभाविक बेरोजगारी दर से आप क्या समझते हैं ? मॉडीफाइड फिलिप्स वक्र का निर्माण कीजिए।

(ब) ''मज़दूरी इंडेक्सेशन से स्फीति पर बेरोज़गारी का प्रभाव बढ़ता है।'' इस कथन की व्याख्या कीजिए।

(स) लुकास के क्रेडिबिलिटी सिद्धांत को समझाइए। इस संदर्भ में फिशर के सांकेतिक मज़दूरी स्थिरता सिद्धांत की चर्चा कीजिए।

3\. (*a*) (*i*) Explain the following statement :

In Okun's law, an output growth rate of 1% above normal output growth rate leads to only a 0.4% reduction in unemployment rate and a 0.4% reduction in the rate of unemployment leads to only a 0.6% increase in employment rate. 2.5+2

(*ii*) Suppose the Philip's curve is given by : $\pi_t - \pi_t^e = 0.1 - 2u_t$

where $\pi_t^e = \pi_{t-1}$

Suppose that inflation in year t-1 is zero. In year t the authorities decide to keep the unemployment rate at 4% forever. Compute the rate of inflation for year t, $t + 1$, $t + 2$. 3

(*b*) (*i*) Define Adaptive Expectation Hypothesis. How does this theoery allow us to relate expected, unobservable variables to actual observable variables ? 4.5

(*ii*) Discuss any *two* sources of Lucas's theory of Business Cycle. 3

(*c*) Discuss the policy ineffectiveness proposition which asserts that "any predictable part of money supply will have no effect on output, employment and other real variables while only unpredictable money supply changes can affect output". 7.5

(अ) (*i*) निम्नलिखित कथन को समझाइए :

ओकुन के नियम में सामान्य उत्पादन वृद्धि दर से 1 प्रतिशत अधिक उत्पादन दर के कारण बेरोजगारी दर में केवल 0.4 प्रतिशत कमी होती है तथा बेरोज़गारी दर में 0.4 प्रतिशत की कमी से रोजगार दर में केवल 0.6 प्रतिशत वृद्धि होती है।

(*ii*) मान लीजिए कि फिलिप्स वक्र $\pi_t - \pi_t^e = 0.1 - 2u_t$ द्वारा दिया गया है, जहाँ $\pi_t^e = \pi_{t-1}$.

मान लीजिए कि वर्ष $t - 1$ में स्फीति दर शून्य है। वर्ष t में अधिकारी निर्णय करते हैं कि सदैव बेरोजगारी दर 4 प्रतिशत पर रहेगी, तो t, $t + 1$, $t + 2$ वर्षों के लिए स्फीति दर ज्ञात कीजिए।

(ब) (*i*) अडेप्टिव अपेक्षा परिकल्पना को परिभाषित कीजिए। यह सिद्धांत किस प्रकार हमें आपेक्षित अदृश्य चरों को, वास्तविक दर्शाये चरों के साथ सम्बन्धित करने की अनुमति देता है ?

(*ii*) लूकास के व्यवसाय चक्र सिद्धांत के किन्हीं **दो** स्रोतों की चर्चा कीजिए।

(स) नीति प्रभावहीनता प्रस्ताव की चर्चा करें जो दावा करता है कि "मुद्रा पूर्ति के अपेक्षित भाग का उत्पादन रोजगार व अन्य वास्तविक चरों पर कोई प्रभाव नहीं होगा जबकि केवल गैर-अपेक्षित मुद्रा में परिवर्तन, उत्पादन को प्रभावित करता है"।

4. (*a*) Discuss the effectiveness of monetary policy in a fixed and flexible exchange rate regime in the presence of perfect capital mobility and fixed prices. 7.5

(*b*) (*i*) How can the automatic adjustment mechanism restore both internal and external balance if the economy is initially in less than full employment equilibrium and is having a current account deficit ?

(*ii*) Explain the 'J' curve. 4.5+3

(*c*) Explain why, following a monetary expansion, exchange rate always overshoots its new long run equilibrium value. 7.5

(अ) पूँजी की पूर्णतः गतिशीलता व स्थायी कीमतें दिये जाने पर लचीली व स्थिर विनिमय दर व्यवस्था में मौद्रिक नीति की प्रभावशीलता पर चर्चा कीजिए।

(ब) (*i*) कैसे स्वचालित समायोजन तंत्र, दोनों आन्तरिक व बाहरी संतुलन को पुनः स्थापित कर सकता है, यदि अर्थव्यवस्था आरम्भ में पूर्ण रोजगार से कम संतुलन में है तथा चालू खाता घाटा भी है ?

(*ii*) 'J' वक्र प्रभाव की व्याख्या कीजिए।

(स) समझाइए क्यों, एक मौद्रिक विस्तार के बाद, विनिमय दर सदैव अपने दीर्घकालीन संतुलन मूल्य से अधिक हो जाती है।

5. (*a*) Distinguish between the following exchange rate system :

Adjustable Pegs, Crawling Pegs and Managed Floating. 7.5

(*b*) How does domestic money supply vis-à-vis foreign money supply determine the exchange rate in 'Monetary Approach to Exchange rate Determination' ? 7.5

(*c*) Discuss using suitable example, how do foreign exchange risks provide an opportunity of hedging and speculation in foreign exchange market. 7.5

(अ) निम्नलिखित विनिमय दर प्रणालियों में अंतर कीजिए :

एडजस्टिबल पेग, क्रॉउलिंग पेग, व मैनेज्ड फ्लोटिंग।

(ब) ''विनिमय दर निर्धारण की मौद्रिक विधि'' में विदेशी मुद्रा की तुलना में घरेलू मुद्रा पूर्ति कैसे विनिमय दर निर्धारित करती है ?

(स) उचित उदाहरण का उपयोग करके चर्चा कीजिए कि विदेशी विनिमय बाजार में विदेशी विनिमय जोखिम कैसे हेजिंग व सट्टेबाजी के अवसर प्रदान कराती है।

[This question paper contains 2 printed pages.]

Sr. No. of Question Paper : 6006 **G** **Your Roll No...............**

Unique Paper Code : 227303

Name of the Paper : Economic History of India, 1857-1947

Name of the Course : **B.A. (Hons.) Economics**

Semester : III

Duration : 3 Hours Maximum Marks : 75

Instructions for Candidates

1. Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.
2. This question paper is divided into **two** Sections **A** and **B**.
3. Each question in **Section A** carries **15** Marks and each question in **Section B** carries **20** Marks.
4. Attempt only **one** question from **Section A** and answer any **three** questions from **Section B.**
5. Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

छात्रों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।
2. यह प्रश्न पत्र दो भागों में विभाजित है **भाग अ** और **भाग ब** ।
3. **भाग अ** का प्रत्येक प्रश्न 15 अंक का है और **भाग ब** का प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है ।
4. **भाग अ** से कोई एक प्रश्न करना है और **भाग ब** से तीन प्रश्न करने हैं ।
5. इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी या हिंदी किसी एक भाषा में दीजिए, लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए ।

PART A (भाग अ)

1. Critically discuss the various estimates of India's national income in the British period. What do they suggest regarding the contribution of the British rule to India's economic development ?

   ब्रिटिश शासन के दौरान भारत के राष्ट्रीय आय के विभिन्न आकमनों की आलोचनात्मक वर्णन करें । भारत के आर्थिक विकास में ब्रिटिश शासन के योगदान के बारे में ये क्या सुझाव देते हैं ?

2. Discuss if British rule was conducive to the economic growth of the Indian economy.

क्या ब्रिटिश शासन भारतीय अर्थव्यवस्था के आर्थिक विकास के लिए अनुकूल था ? वर्णन करें।

3. Critically evaluate the Drain Theory controversy. Is it an exaggeration ?

पलायन सिद्धान्त विवाद का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए। क्या यह एक अतिश्योक्ति है ?

PART B (भाग ब)

4. "The history of the Bombay cotton mills suggests that it was not difficult to create an industrial labor force in India." Argue out if a modern industrial labor force ever got created in colonial India.

"बॉम्बे कॉटन मिल का इतिहास बताता है कि भारत में एक औद्योगिक श्रम बल का निर्माण करना मुश्किल नहीं था" व्याख्या करें कि क्या औपनिवेशिक भारत में कभी आधुनिक औद्योगिक बल का निर्माण हुआ भी ?

5. What was structure of agrarian relations in India under the British ? Describe with reference to the land tenure systems.

ब्रिटिश शासन के तहत भारत में कृषि संबन्ध की संरचना क्या थी ? पट्टेदारी प्रणाली के संदर्भ में वर्णन कीजिए।

6. Did British Rule really lead to the De-industrialization of India or merely a decline of Handicrafts ?

क्या ब्रिटिश शासन वास्तव में भारत के विऔद्योगीकरण या महज हस्तशिल्प के पतन का कारण बना ?

7. How far were the Railways a 'Harbinger of Modernization in India' ? Discuss critically.

किस हद तक रेलवे 'भारत में आधुनिकीकरण के एक अग्रदूत' थे ? आलोचनात्मक व्याख्या करें।

8. Discuss the changes in the direction and composition of India's foreign trade from 1854-1947.

1854 से 1947 तक भारत के विदेश व्यापार की दिशा तथा संरचना में आये परिवर्तन पर चर्चा करें।

This question paper contains **16+4** printed pages **+14 Pages Table Attached**]

Roll No. | | | | | | | | | | | |

S. No. of Question Paper : **6007**

Unique Paper Code : **227304** **G**

Name of the Paper : **Introductory Econometrics**

Name of the Course : **B.A. (Honours) Economics**

Semester : **III**

Duration : **3 Hours** Maximum Marks : **75**

(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

Note : Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

टिप्पणी : इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेज़ी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

The question paper consists of **7** questions.

Attempt any *five* questions.

All questions carry equal marks.

Use of simple non-programmable calculator is allowed.

Statistical tables are attached for your reference.

इस प्रश्न-पत्र में **7** प्रश्न हैं।

किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

साधारण अप्रोग्रामनीय कैलकुलेटर का उपयोग किया जा सकता है।

आपके सन्दर्भ हेतु सांख्यिकीय सारणियाँ संलग्न हैं।

1. State whether the following statements are true *or* false. Give reasons *or* proofs :

(*i*) In regression through origin models, the conventionally computed R^2 may not be meaningful.

(*ii*) Consider a two-variable Population Regression Function, $Y_i = B_1 + B_2X_i + u_i$. If the slope coefficient B_2 is zero, the intercept B_1 is estimated by the sample mean of Y.

(*iii*) In the presence of heteroscedasticity, OLS estimators are biased as well as inefficient.

(*iv*) In a double log model, $ln\_Y_i = A + B\ ln\_X_i + v_i$, the slope coefficients are different from elasticity coefficients.

(*v*) The Durbin-Watson *d*-test can be applied to models that include the lagged value of the dependent variable as one of the explanatory variables. $5 \times 3 = 15$

बताइए कि निम्नलिखित कथन सत्य हैं **अथवा** असत्य। अपने उत्तर हेतु कारण **या** प्रमाण दीजिए :

(*i*) मूल-बिन्दु से समाश्रयण (regression through origin) मॉडलों में सम्भव है कि परम्परागत रूप से निकाला गया R^2 अर्थपूर्ण न हो।

(*ii*) यदि एक द्वि-चर समष्टि समाश्रयण फलन $Y_i = B_1 + B_2X_i + u_i$ में यदि ढाल गुणांक B_2 शून्य है, तो अन्तःखण्ड B_1 को निर्भर चर Y के प्रतिदर्श माध्य से आकलित किया जाता है।

1854-1947.

1854 से 1947 तक भारत के विदेश व्यापार की दिशा तथा संरचना में आये परिवर्तन पर चर्चा करें।

(iii) प्रसरण-विषमता (heteroscedasticity) की उपस्थिति में, OLS आकलक अभिनत (biased) तथा अकुशल (inefficient) होते हैं।

(iv) द्विगुण लघुगणक (double log) मॉडल, $ln\_Y_i = A + B\ ln\_X_i + v_i$, में ढाल गुणांक व लोच एक ही होते हैं।

(v) डर्बिन-वॉट्सन के d-परीक्षण का उपयोग उन मॉडलों पर किया जा सकता है जिनमें निर्भर चर का विलम्बित मान (lagged value) व्याख्याकारी चर के रूप में शामिल होता है।

2. (i) State the assumptions of Classical Linear Regression Model. 4

(ii) Using data on sales of cameras (SALES) and its price (PRICE in thousands of rupees) for 17 brands, the effect of price on sales is given by :

$$SALES_i = \alpha + \beta\ PRICE_i + u_i$$

This is tested using OLS method. The results obtained are as follows (t-ratios are mentioned within parentheses). Assume all assumptions for classical linear regression model hold good.

$$\widehat{SALES}_i = 112.85 - 2.375\ PRICE_i$$

$$(t) = (3.43) \qquad (-3.06) \qquad\qquad R^2 = 0.6452$$

(a) Interpret the slope coefficient.

(b) Construct 95% confidence interval for the slope coefficient.

(c) Interpret R^2. 2+3+1=6

(*iii*) Durbin-Watson d-statistic for a regression model is computed as 2.317. There are 5 regressors (excluding the intercept) in this model estimated for 45 observations. Test for presence of autocorrelation at 5% level.

(*i*) क्लासिकीय रेखीय समाश्रयण मॉडल की मान्यताएँ लिखिए।

(*ii*) 17 ब्रांडों के कैमरों की बिक्री (SALES) व इनकी कीमतों (PRICE हजार रुपयों में) की सहायता से कीमत के बिक्री पर :

$$\text{SALES}_i = \alpha + \beta\ \text{PRICE}_i + u_i$$

द्वारा दिए गए प्रभाव का OLS विधि की सहायता से परीक्षण किया जाता है। प्राप्त परिणाम निम्न प्रकार हैं (t-अनुपात कोष्ठकों में दिए हुए हैं)। मान लीजिए कि क्लासिकीय रेखीय समाश्रयण मॉडल की सभी मान्यताएँ सन्तुष्ट होती हैं।

$$\widehat{\text{SALES}}_i = 112.85 - 2.375\ \text{PRICE}_i$$

$$(t) = (3.43) \qquad (-3.06) \qquad\qquad R^2 = 0.6452$$

(*a*) ढाल गुणांक की व्याख्या कीजिए।

(*b*) ढाल गुणांक हेतु 95% विश्वास्यता अन्तराल (confidence interval) का निर्माण कीजिए।

(*c*) R^2 की व्याख्या कीजिए।

(*iii*) एक समाश्रयण मॉडल हेतु डर्बिन-वॉटसन d-प्रतिदर्शज का मान 2.317 प्राप्त हुआ। 45 प्रेक्षणों हेतु आकलित इस मॉडल में 5 व्याख्याकारी चर हैं (अन्त:खण्ड को छोड़कर)। क्या 5% सार्थकता स्तर पर स्वसहसम्बन्ध का प्रमाण है ?

3. (i) (a) What is dummy variable trap ?

(b) If the researcher wants to take 'm' dummy variables for 'm' categories, what should be dropped from the model ? 2+1=3

(ii) The relationship between infant mortality rate (IMR) and the expenditure on immunization programmes for children (IMMUN) in lakhs of rupees for 63 districts of India is postulated by the following two alternate models :

Model A : $\text{IMR}_i = \alpha_1 + \alpha_2 \text{IMMUN}_i + u_i$

Model B : $\text{IMR}_i = \beta_1 + \beta_2 \text{IMMUN}_i + \beta_3 \text{IMMUN}_i^2 + v_i$

The R^2 for Model A and Model B are obtained as 0.6152 and 0.8254 respectively. Use a suitable test at 5% significance level to decide which model would you prefer – restricted or unrestricted. State the null and alternate hypothesis clearly. 4

(iii) Using data on labour and capital for 123 firms, the Cobb-Douglas production function is estimated and following regression results are obtained (standard errors are given in parentheses) :

$$\widehat{\text{LN\_OUTPUT}}_i = 0.790 + 0.988\ \text{LN\_CAPITAL}_i + 0.204\ \text{LN\_LABOUR}_i$$

$$(se) = (0.008) \qquad (0.325) \qquad (0.1008)$$

$R^2 = 0.979$

where LN_OUTPUT = log of output,

LN_LABOUR = log of labour,

LN_CAPITAL = log of capital

(*a*) Name the functional form of the regression model.

(*b*) Interpret the slope coefficients.

(*c*) What is the nature of returns to scale exhibited ?

(*d*) Perform an appropriate test (at 10% level of significance) to check if slope coefficient on LN_LABOUR is significantly greater than 0.2. 1+2+1+4=8

(*i*) (*a*) डमी चर पाश (dummy variable trap) क्या है ?

(*b*) यदि शोधकर्ता '*m*' श्रेणियों हेतु '*m*' डमी चरों को शामिल करना चाहता है, तो मॉडल से क्या हटाया जाना चाहिए ?

(*ii*) भारत के 63 जिलों में शिशु मृत्यु दर (IMR) व बच्चों हेतु टीकाकरण कार्यक्रमों पर व्यय के मध्य सम्बन्ध हेतु निम्नलिखित दो वैकल्पिक मॉडलों का दावा किया जाता है :

मॉडल A : $IMR_i = \alpha_1 + \alpha_2 IMMUN_i + u_i$

मॉडल B : $IMR_i = \beta_1 + \beta_2 IMMUN_i + \beta_3 IMMUN_i^2 + v_i$

मॉडल A व मॉडल B हेतु R^2 के मान क्रमश: 0.6152 व 0.8254 प्राप्त हुए। उपयुक्त परीक्षण की सहायता से 5% सार्थकता स्तर पर निर्णय कीजिए कि आप प्रतिबन्धित (restricted) व अप्रतिबन्धित (unrestricted) में से किस मॉडल को चुनेंगे ? शून्य (null) व वैकल्पिक (alternate) परिकल्पनाओं को स्पष्टत: लिखिए।

(iii) 123 फर्मों हेतु श्रम व पूँजी के आँकड़ों की सहायता से कॉब-डगलस उत्पादन फलन आकलित किया गया तथा निम्नलिखित समाश्रयण परिणाम प्राप्त हुए (मानक त्रुटियाँ कोष्ठकों में दी हुई हैं) :

$$\widehat{\text{LN\_OUTPUT}}_i = 0.790 + 0.988\ \text{LN\_CAPITAL}_i + 0.204\ \text{LN\_LABOUR}_i$$

$$(se) = (0.008) \qquad (0.325) \qquad (0.1008)$$

$$R^2 = 0.979$$

जहाँ LN_OUTPUT = उत्पाद का लघुगणक,

LN_LABOUR = श्रम का लघुगणक,

LN_CAPITAL = पूँजी का लघुगणक।

(a) उपर्युक्त समाश्रयण मॉडल के कार्यात्मक रूप (functional form) का नाम बताइए।

(b) ढाल गुणांकों की व्याख्या कीजिए।

(c) उपर्युक्त परिणामों द्वारा प्रदर्शित पैमाने के प्रतिफलों (returns to scale) की क्या प्रकृति है ?

(d) LN_LABOUR का ढाल गुणांक सार्थकत: 0.2 से बड़ा है, इस बात की जाँच हेतु उपयुक्त परीक्षण कीजिए (10% सार्थकता स्तर पर)।

4. (i) A researcher wanted to study the relation between demand for a commodity, Q, in relation to its price, P, and disposable income, Y, based on 30 observations. The following regression result is obtained (figures in parentheses are the standard errors) :

Model 1 :

$$\hat{Q}_i = 92.05 - 0.142P_i + 0.236Y_i$$

$$(se) = (5.84) \quad (0.067) \quad (0.031)$$

Estimate of the error variance, $\hat{\sigma}^2 = 1.952$

However, if income, a relevant and important variable, is omitted from the above model then the following regression result is obtained :

Model 2 :

$$\hat{Q}_i = 89.97 + 0.107P_i$$

$$(se) = (11.85) \quad (0.118)$$

Estimate of the error variance, $\hat{\sigma}^2 = 8.058$

(a) In the context of a specification error committed in Model 2, explain the concept of omitted variable bias.

(*b*) From the given regression results, obtain an estimate of slope coefficient in the regression of omitted variable Y on the included variable P.

(*c*) Compare the consequences of including an irrelevant variable in the model and excluding a relevant variable from the model. 2+3+4=9

(*ii*) Using time series data for 1979 to 2009 for a certain economy, the following model of demand for money was estimated :

$$MD_i = B_1 + B_2Y_i + B_3INTRATE_i + u_i$$

where :

MD = Quantity of money demanded, measured in billions of rupees

Y = National income, measured in billions of rupees

INTRATE = Interest rate in percent on 3 month treasury bills

The table below has estimates of the coefficients and their standard errors :

Variables	**Estimates of coefficients**	**Standard errors**
CONSTANT	0.003	0.009
Y	0.530	0.112
INTRATE	–0.0261	0.101

(*a*) Interpret the slope coefficients.

(*b*) Test the overall significance of the model, at 5% level of significance, if coefficient of determination reported for the model is 0.519. 2+4=6

(*i*) एक शोधकर्ता 30 प्रेक्षणों के आधार पर एक वस्तु X की मांग, Q के इसकी कीमत P व प्रयोज्य आय Y के मध्य सम्बन्ध का अध्ययन करना चाहता है। निम्नलिखित समाश्रयण परिणाम प्राप्त हुए (कोष्ठकों में दिए हुए आँकड़े मानक त्रुटियाँ हैं) :

मॉडल 1 :

$$\hat{Q}_i = 92.05 - 0.142P_i + 0.236Y_i$$

$$(se) = (5.84) \quad (0.067) \quad (0.031)$$

त्रुटि के प्रसरण का आकलित मान, $\hat{\sigma}^2 = 1.952$

परन्तु, यदि आय, जो कि एक प्रासंगिक व महत्वपूर्ण चर है, को उपर्युक्त मॉडल से हटा दिया जाए तो निम्नलिखित समाश्रयण परिणाम प्राप्त होता है :

मॉडल 2 :

$$\hat{Q}_i = 89.97 + 0.107P_i$$

$$(se) = (11.85) \quad (0.118)$$

त्रुटि के प्रसरण का आकलित मान, $\hat{\sigma}^2 = 8.058$

(*a*) मॉडल 2 में की गई विनिर्देशन त्रुटि (specification error) के परिप्रेक्ष्य में लोपित चर अभिनति (omitted variable bias) की अवधारणा को समझाइए।

(*b*) दिए गए समाश्रयण परिणामों से लोपित चर Y के सम्मिलित चर (included variable) P पर समाश्रयण में ढाल गुणांक का आकलित मान ज्ञात कीजिए।

(*c*) मॉडल में एक अप्रासंगिक चर को शामिल करने के परिणामों की मॉडल से एक प्रासंगिक चर को बाहर रखने के परिणामों से तुलना कीजिए।

(*ii*) किसी अर्थव्यवस्था हेतु 1979 से 2009 की अवधि के काल-श्रेणी आँकड़ों (time series data) की सहायता से मुद्रा की मांग का निम्नलिखित मॉडल आकलित किया गया :

$$MD_t = B_1 + B_2Y_t + B_3INTRATE_t + u_t$$

जहाँ :

MD = मुद्रा की मांगी गई मात्रा, अरब रुपयों में

Y = राष्ट्रीय आय, अरब रुपयों में

INTRATE = 3 माह के राजकोष बिलों (treasury bills) पर ब्याज दर, प्रतिशत में

निम्नलिखित सारणी में गुणांकों के आकलित मान व उनकी मानक त्रुटियाँ दी गईं हैं :

चर	गुणांकों के आकलित मान	मानक त्रुटियाँ
CONSTANT	0.003	0.009
Y	0.530	0.112
INTRATE	–0.0261	0.101

(*a*) ढाल गुणांकों की व्याख्या कीजिए।

(*b*) मॉडल की समग्र सार्थकता (overall significance) का 5% सार्थकता स्तर पर परीक्षण कीजिए, यदि निर्धारण गुणांक (coefficient of determination) का आकलित मान 0.519 है।

5. (*i*) Consider the regression model that postulates relationship between monthly demand for pizzas (Y) and monthly household income (HH_INC, in rupees).

$$Y_i = A + B\ HH\_INC_i + u_i.$$

The regression was run for a cross-section of 41 observations. Suspecting heteroscedasticity, the White's test for heteroscedasticity was chosen and the following results where obtained :

$$e_i^2 = -6219 + 229.35\ HH\_INC_i + 0.00054\ HH\_INC_i^2 \qquad R^2 = 0.1148$$

Test for heteroscedasticity at 5% level of significance. State the null and alternate hypotheses clearly. 3

(*ii*) (*a*) Complete the following ANOVA table for the three-variable model :

$$Y_i = \beta_1 + \beta_2 X_{2i} + \beta_3 X_{3i} + u_i$$

Source of variation	Sum of Squares	df	MSS
Due to regression	7800.00	—	—
Due to residuals	—	—	—
Total (TSS)	12600.00	49	

(*b*) Also find Adjusted R^2. 7

(*iii*) (*a*) What do you understand by the term Autocorrelation ? How can the problem of Autocorrelation be remedied if ρ is assumed to be 1 ($\rho = 1$) and it is assumed that the error term follows the AR(1) scheme, that is :

$$\mu_t = \rho\mu_{t-1} + \vartheta_t \qquad -1 \leq \rho \leq 1.$$

(*b*) What is Prais-Winsten transformation ? 4+1=5

(*i*) मूल समाश्रयण, $Y_i = A + B\ HH\_INC_i + u_i$, में Y बर्गर की मासिक मांग और HH_INC, घरेलू मासिक आय (रुपयों में) है। प्रसरण विषमता का परीक्षण करने हेतु 41 प्रेक्षणों वाले OLS अवशिष्टों की सहायता से व्हाइट परीक्षण से निम्नलिखित परिणाम प्राप्त किए गए :

$$e_i^2 = -6219 + 229.35\ HH\_INC_i + 0.00054\ HH\_INC_i^2 \qquad R^2 = 0.1148$$

क्या यहाँ प्रसरण विषमता का प्रमाण है ? 5% सार्थकता स्तर पर परीक्षण कीजिए तथा शून्य (null) व वैकल्पिक (alternate) परिकल्पनाओं को स्पष्टत: लिखिए।

(*ii*) (*a*) तीन चर वाले निम्नलिखित मॉडल हेतु निम्नलिखित ANOVA सारणी को पूर्ण कीजिए :

$$Y_i = \beta_1 + \beta_2 X_{2i} + \beta_3 X_{3i} + u_i$$

विचरण का स्रोत	वर्गयोग	स्वातन्त्र्य कोटियाँ	माध्य वर्गयोग
समाश्रयण के कारण	7800.00	—	—
अवशिष्टों के कारण	—	—	—
कुल (TSS)	12600.00	49	

(*b*) समायोजित R^2 भी ज्ञात कीजिए।

(*iii*) (*a*) स्वसहसम्बन्ध शब्द से आप क्या समझते हैं ? यदि यह मान लिया जाय कि त्रुटि पद AR(1) योजना का अनुसरण करता है, अर्थात्

$$\mu_t = \rho\mu_{t-1} + \vartheta_t \qquad -1 \leq \rho \leq 1$$

व ($\rho = 1$), तो इस समस्या का किस प्रकार समाधान किया जा सकता है ?

(*b*) प्राइस-विन्स्टन रूपान्तरण क्या है ?

6. (*i*) A researcher computes Jarque-Bera statistic, for a large sample, as 7.378. Does it provide evidence in favour of normality of the error term. Use 5% level of significance. 4

(*ii*) A researcher finds evidence of heteroscedasticity in the regression model,

$$Y_i = A + B\ X_i + u_i.$$

How will you modify the original regression in order to deal with the problem of heteroscedasticity in each of the following cases, if error variance follows the following structure :

(*a*) $E\left(u_i^2\right) = \sigma^2 X_i^2$

(*b*) $E\left(u_i^2\right) = \sigma^2 X_i^9$

(c) $E\left(u_i^2\right) = \sigma^2 X_i^{1/3}$. 2+2+2=6

(*iii*) Given : $\Sigma Y = 2220$, $\Sigma X = 3400$, $\Sigma XY = 411000$, $\Sigma X^2 = 644000$, $\Sigma Y^2 = 264200$, $n = 10$.

Obtain the OLS estimators, b_1 (intercept) and b_2 (slope) for the two variable model $Y_i = A + B\ X_i + u_i$. 5

(*i*) एक बड़े प्रतिदर्श हेतु जार्क-बीरा प्रतिदर्शज (Jarque-Bera statistic) की गणना करने पर मान 7.378 प्राप्त होगा। क्या इससे 5% सार्थकता स्तर (significance level) पर त्रुटि पद की प्रसामान्यता (normality) का प्रमाण मिलता है ?

(*ii*) एक शोधकर्ता को $Y_i = A + B\ X_i + u_i$ में प्रसरण-विषमता की उपस्थिति का प्रमाण मिलता है। यदि त्रुटि पद का प्रसरण निम्नलिखित संरचना का अनुसरण करता है,

तो आप पहचानी गई समस्या का समाधान करने हेतु मूल समाश्रयण को किस प्रकार संशोधित करेंगे ?

(*a*) $E\left(u_i^2\right) = \sigma^2 X_i^2$

(*b*) $E\left(u_i^2\right) = \sigma^2 X_i^9$

(*c*) $E\left(u_i^2\right) = \sigma^2 X_i^{1/3}$.

(*iii*) दिया हुआ है : $\Sigma Y = 2220$, $\Sigma X = 3400$, $\Sigma XY = 411000$, $\Sigma X^2 = 644000$, $\Sigma Y^2 = 264200$, $n = 10$ ।

मॉडल, $Y_i = A + B\ X_i + u_i$ के OLS आकलक b_1 व b_2 ज्ञात कीजिए।

7. (*i*) Using data for 120 individuals, the following model of wage determination was estimated :

$$\text{WAGE}_i = \beta_1 + \beta_2 \text{IQ}_{2i} + \beta_3 \text{PGRAD}_{3i} + u_i$$

where

WAGE : Hourly wages, in Rupees

IQ : Intelligent Quotient, measured on a scale of 70-130

PGRAD : Dummy variable = 1, if the individual is a postgraduate

= 0, if the individual is a undergraduate

The regression results were reported as follows, (standard errors in parentheses) :

$$\widehat{WAGE}_i = 224.8438 + 5.0766IQ_{2i} + 498.0493PGRAD_{3i}$$

$$(se) = (66.6424) \quad (0.6624) \quad (20.0768)$$

$$\bar{R}^2 = 0.4540$$

(a) Write the estimated regression equation for postgraduates and undergraduates separately.

(b) Test the statistical significance of dummy variable at 5% level of significance. What conclusion can you draw from this test ?

(c) If PGRAD was defined to take values [0, 2] instead of [0, 1], will the estimated value of B_3 and its standard error change ? What about its statistical significance ? 2+4+2=8

(ii) Let Y be the output, X_2 be unskilled labour and X_3 be skilled labour in the following relationship :

$$Y_i = B_1 + B_2X_{2i} + B_3X_{3i} + B_4X_{4i} + u_i$$

where $X_{4i} = X_{2i} + X_{3i}$.

Can the parameters of the model be uniquely estimated by ordinary least squares ? Explain. 4

(*iii*) The following are the regression results of foreign direct investment (FDI in lakhs of rupees) over time (t) for the years 1991-2015 (standard errors are mentioned in parentheses) :

$$\widehat{\text{FDI}}_t = 3.3890 + 0.00843t$$

$$(se) = (0.002) \quad (0.0001)$$

(*a*) Compute the instantaneous rate of growth in FDI.

(*b*) Can compound rate of growth be computed ? If yes, how ? 2+1=3

(*i*) 120 व्यक्तियों के आँकड़ों की सहायता से मजदूरी निर्धारण का निम्नलिखित मॉडल आकलित किया गया :

$$\text{WAGE}_i = \beta_1 + \beta_2 \text{IQ}_{2i} + \beta_3 \text{PGRAD}_{3i} + u_i$$

जहाँ

WAGE : प्रति घण्टा मजदूरी, रुपयों में

IQ : बुद्धि-लब्धि (Intelligent Quotient), 70-130 के पैमाने पर मापित

PGRAD : डमी चर = 1, यदि व्यक्ति स्नातकोत्तर है

= 0, यदि व्यक्ति स्नातक है

प्राप्त समाश्रयण परिणाम निम्न प्रकार हैं (मानक त्रुटियाँ कोष्ठकों में हैं) :

$$\widehat{\text{WAGE}}_i = 224.8438 + 5.0766\text{IQ}_{2i} + 498.0493\text{PGRAD}_{3i}$$

$$(se) = (66.6424) \quad (0.6624) \quad (20.0768)$$

$$\bar{R}^2 = 0.4540$$

(a) स्नातकोत्तरों व स्नातकों हेतु आकलित समाश्रयण समीकरण लिखिए।

(b) डमी चर की सांख्यिकीय सार्थकता का 5% सार्थकता स्तर पर परीक्षण कीजिए। इस परीक्षण से आप क्या निष्कर्ष निकाल सकते हैं ?

(c) यदि PGRAD को इस प्रकार परिभाषित किया जाए कि इसके मान [0, 1] के स्थान पर [0, 2] हों तो क्या B_3 के आकलित मान व इसकी मानक त्रुटि के मान बदल जायेंगे ? क्या इसकी सांख्यिकीय सार्थकता बदल जाएगी ?

(ii) मान लीजिए कि निम्नलिखित सम्बन्ध में Y उत्पाद है, X_2 अकुशल श्रमिक (unskilled labour) हैं तथा X_3 कुशल श्रमिक (skilled labour) हैं :

$$Y_i = B_1 + B_2X_{2i} + B_3X_{3i} + B_4X_{4i} + u_i$$

जहाँ $X_{4i} = X_{2i} + X_{3i}$.

उपर्युक्त में कौन-कौनसे प्राचल साधारण न्यूनतम वर्गविधि से आकलित किए जा सकते हैं ? समझाइए।

(*iii*) प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI, लाख रुपयों में) के समय (t) पर 1991-2015 हेतु समाश्र[illegible]
के परिणाम निम्न प्रकार हैं (मानक त्रुटियाँ कोष्ठकों में दी गई हैं) :

$$\widehat{\text{FDI}}_t = 3.3890 + 0.00843t$$

$$(se) = (0.002) \quad (0.0001)$$

(*a*) प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) की तात्क्षणिक वृद्धि दर (instantaneous rate of grow[illegible]
ज्ञात कीजिए।

(*b*) क्या चक्रवृद्धि वृद्धि दर (compound rate of growth) की गणना की जा स[illegible]
है ? यदि हाँ, तो किस प्रकार ?

6007

TABLE D.1 AREAS UNDER THE STANDARDIZED NORMAL DISTRIBUTION

Example

$\Pr(0 \le Z \le 1.96) = 0.4750$

$\Pr(Z \ge 1.96) = 0.5 - 0.4750 = 0.025$



Z	00	01	02	03	04	05	06	07	08	09
0.0	0000	0040	0080	0120	0160	0199	0239	0279	0319	0359
0.1	0398	0438	0478	0517	0557	0596	0636	0675	0714	0753
0.2	0793	0832	0871	0910	0948	0987	1026	1064	1103	1141
0.3	1179	1217	1255	1293	1331	1368	1406	1443	1480	1517
0.4	1554	1591	1628	1664	1700	1736	1772	1808	1844	1879
0.5	1915	1950	1985	2019	2054	2088	2123	2157	2190	2224
